Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005
Participants : Bisen Shri Gauri Shankar Chaturbhuj

>

Title : Need to simplify the wildlife protection act with a view to protect the interests of tribals in Kanha Tiger National Park, Mandle, Madhya Pradesh.

श्री गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर नेशनल पार्क मण्डला, बालाघाट म.प्र. के बहुत बड़े भू-भाग में फैला है। यहां हजारों हैक्टेयर में रिजर्व फॉरेस्ट है जहां वन प्राणी है। वन प्राणी संरक्षण अधिनियम का बलपूर्वक उपयोग कर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा वहां पर कोर क्षेत्र में सारे निर्माण कार्यों को रोक दिया गया है। काम के बदले अनाज योजना, समि वकास योजना और अन्य योजनाओं से उन ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होना है जैसे पेयजल, नलकूप, खनन, खुलाकुंआ, प्राथमिकशाला, उपस्वास्थ्य केन्द्र और आंगनवाड़ी के निर्माण आदि सारे कामों के ऊपर पाबंदी लगा देने से वहां पर रह रहे गोंड, बैगा जनजाति के हमारे आदिवासियों का विकास थम गया है। मेरा सुझाव है कि नियमों का सरलीकरण करके आदिवासियों को संरक्षण दिया जाये और निर्माण कार्यों की अनुमति प्रदान की जाये।